# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

(sp-bilaspur.cg@gov.in) T.P. No. 07752-223330, Fax No. 07752-250202

## ईनाम उदघोषणा आदेश

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **थाना सरकण्डा**, बिलासपुर के अपराध कमांक 28/2024 धारा 306, 34 भादंवि. एवं **थाना सिविल लाईन**, बिलासपुर के अपराध कमांक 372/2024 धारा 294, 506, 451, 34 भादंवि. प्रकरण का **आरोपी तैय्यब हुसैन** पिता अख्तर हुसैन उम्र 40 वर्ष निवासी मसानगंज, बिलासपुर, थाना सिविल लाईन, जिला बिलासपुर की गिरफ्तारी हेतु दिनांक 15.04.2024 को आरोपी के निवास मसानगंज तथा द्वितीय निवास कुम्हारपारा में एवं दिनांक 25.04.2024 को आरोपी द्वारा छुपने के लिए भारती नगर में किराए का मकान लेकर अकेले रह रहा है इसकी सूचना पर पुलिस द्वारा किराये के मकान भारती नगर में दबिश देकर पतासाजी किया गया किन्तु आरोपी नहीं मिला, आरोपी गिरफ्तारी के भय से लुक छिप कर रह रहा है। प्रकरण के आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश देकर पतासाजी किया जा रहा है, किन्तु नहीं मिला है।

अतः मैं रजनेश सिंह (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक, जिला बिलासपुर (छ.ग.) पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80–ए में निहित प्रावधानों के तहत् प्रदत्त् अधिकारों का प्रयोग करते हुये, यह घोषणा करता हूँ कि जिला बिलासपुर के उक्त आरोपी के बारे में जो कोई सूचना देगा, गिरफ्तारी करायेगा, उन्हें ईनामी उद्घोषणा के तहत् **5,000/–रूपये (पांच हजार रूपये)** के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जावेगा ।

सूचना देने वाले का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जायेगा, पुरस्कार वितरण के संबध में पुलिस अधीक्षक, जिला बिलासपुर (छ.ग.) का निर्णय अंतिम होगा ।

<u>संपर्क हेतु दूरभाष नंबर –</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर | 07752223330, मो.नं. 9479193001 |
| 2. | अति. पुलिस अधीक्षक, शहर, बिलासपुर | 07752222191, मो.नं. 9479193002 |
| 3. | पुलिस नियंत्रण कक्ष, बिलासपुर | 07752228504, मो.नं. 9479193099 |

पुलिस अधीक्षक
बिलासपुर, छत्तीसगढ़

पृ.कमांक– पु.अ./बिला./रीडर–1/उदघोषणा/ 09 /2024, बिलासपुर, 04 मई 2024

**प्रतिलिपि :–**

1. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज, बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।
3. पुलिस महानिरीक्षक (अ.अ.वि.), पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. समस्त पुलिस अधीक्षक (रेल सहित), छत्तीसगढ़ की ओर कृपया आ.का. हेतु।
5. उप संचालक, जन सम्पर्क, बिलासपुर को उपरोक्त उद्घोषणा समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्रसारित कराने हेतु।
6. समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं प्रभारी नियंत्रण कक्ष बिलासपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

पुलिस अधीक्षक
बिलासपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner